भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर(2020-21)

कक्षा-दसवीं	**विभाग: हिंदी**	**Date – 14-05-2020**
कार्य-पत्रिका संख्या: 4 – उत्तर	**विषय: मुहावरे (उत्तर)**	**Note: Pl. file in portfolio**

नाम: __________________________अनुभाग: ______अनुक्रमांक: ______दिनांक: ___________

प्रश्न – उचित मुहावरे छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए: (नामोनिशान तक न होना, मत्थे मढ़ना, त्योरियाँ चढ़ाना, मज़ा चखाना, गाँठ बाँध लेना, डेरा डाल लेना, सिर धुन लेना, सिर न झुकाना, सिर पर कफ़न बाँधना, दीवार खड़ी करना, आँखों में धूल झोंकना, हाथ न आना, कूट-कूट कर भरा होना, काम तमाम करना, जान बख्श देना, हक्का-बक्का रह जाना, खाल खींचना)

१ 500-1000 के नोटों के बंद होने की बात सुनकर हर भारतीय **हक्का-बक्का रह गया।**

२ वीर सिपाही देश की रक्षा के लिए अपने **सिर पर कफ़न बाँध लेते हैं।**

३ धनी व्यक्ति अपने अपराधों का सारा इल्ज़ाम बेक़सूर ग़रीबों के **मत्थे मढ़ देते हैं।**

४ बंजारों को जहाँ जगह मिलती है, वहीं पर अपना **डेरा डाल लेते हैं।**

५ कुछ देश इतने विकसित हैं कि ग़रीबी का वहाँ **नामोनिशान तक नहीं होता।**

६ शिव-धनुष को टूटा हुआ देखकर परशुरामजी ने **त्योरियाँ चढ़ा लीं।**

७ अंग्रेज़ सिपाही अपनी बात न मानने वाले गुलामों की **खाल खींच लेते थे।**

८ प्रधानमंत्री मोदी जी ने काला धन रखने वालों को अच्छा **मज़ा चखाया।**

९ सिकंदर ने पोरस की बहादुरी देखकर उसकी **जान बख्श दी।**

१० भगतसिंह में देशभक्ति की भावना **कूट-कूट कर भरी हुई थी।**

११ कुछ नेता चुनाव जीतने के लिए लोगों के बीच धर्म और जाति की **दीवार खड़ी कर देते हैं।**

१२ जब परीक्षा में दस अंक का एक सवाल मुझसे छूट गया तो मैंने अपना **सिर धुन लिया।**

१३ हर छात्र को **गाँठ बाँध लेनी चाहिए** कि बिना मेहनत के सफलता नहीं मिलती।

१४ चोर पुलिस की **आँखों में धूल झोंककर** भाग गया।

१५ कहानी सुनाने के बाद बैताल कभी विक्रम के **हाथ न आया।**

१६ स्वाभिमानी व्यक्ति कभी किसी के सामने अपना **सिर नहीं झुकाते।**

१७ अर्जुन ने अपने एक ही बाण से सारी शत्रु-सेना का **काम तमाम कर दिया।**